Title : Need to promote tourism in Kangra Parliamentary Constituency

डॉ. राजीव भारद्वाज (कांगड़ा) : मैं काँगड़ा लोक सभा क्षेत्र से निर्वाचित हो कर आया हूँ। माननीय अध्यक्ष महोदय जी, आपने मुझे नियम 377 के अंतर्गत मेरे लोक सभा क्षेत्र काँगड़ा-चम्बा में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु अपना विषय सदन के समक्ष रखने का अवसर दिया।

खूबसूरत घाटियाँ स्वर्ग से कम नहीं हैं, इसकी सुंदर घाटियां पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। पहाड़ों से गिरते झरने सबका मन मोह लेते है। हिमाचल प्रदेश पर्यटकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। यह देव भूमि के नाम से भी जाना जाता है। यहाँ भारी संख्या में देश एवं विदेशों से सैलानी आते हैं। ज़िले की अधिकतर आबादी टूरिज्म पर निर्भर है।

सकल घरेलू उत्पाद में यात्रा और पर्यटन का प्रत्यक्ष योगदान 2025 तक 7.2% प्रति वर्ष बढ़कर आईएनआर 5,339.2 बिलियन (जीडीपी का 2.5%) होने की उम्मीद है।

मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि:-

1. पर्यटन की दृष्टि से पर्यटकों के लिए हेली टैक्सी के सेवा शुरू होनी चाहिए जिसके लिए रक्कड़ हेलीपोर्ट को विकसित करना आवश्यक है।

2. काँगड़ा घाटी रेल जो कि पठानकोट से जोगिंदर नगर तक चलती है, इसका ब्रॉडगेज करना तथा पठानकोट से डलहौजी-खजियार-चम्बा तक के लिए एक नयी रेलवे ब्रॉडगेज लाइन।

3. काँगड़ा-चम्बा ज़िलों में स्थित प्रसिद्ध मंदिरों-शक्तिपीठों को जोड़ने हेतु एक धार्मिक कॉरिडोर बनवाया जाये।

4. धौलाधार हिम शृंखला लैप तक पहुंचने के लिए रोपवे का निर्माण।

5. डलहौजी-खजियार-चम्बा के लिए टू-लेन रोड कनेक्टिविटी।

6. वंदे भारत ट्रेन के लिए अंब रेलवे स्टेशन से धर्मशाला-पालमपुर के लिए से पर्यटक वॉल्वो बसें।

7. पर्यटक स्थल जैसे भागसुनाग, मैक्लोडगंज, नड्डी, चर्च, डल झील, इंद्रुनाग, धर्मकोट में सार्वजनिक सुविधाएं विकसित करनी बेहद जरुरी हैं।

8. भारी संख्या में लोग यहाँ चामुंडा देवी मंदिर, ज्वाला जी मंदिर, दर्शन करने हेतु आते हैं। अतः मेरा निवेदन है कि मंदिरों को शक्तिपीठ के नाम से विकसित करवाया जाए।

9. पर्यटन की दृष्टि से ज़िले में स्थित पौंग बांध में जल खेल पर्यटन, शिकारा/सौर हाउस बोट शरू करने से पर्यटकों कि संख्या में भारी इजाफा होगा।

अतः मेरा माननीय पर्यटन मंत्री जी से अनुरोध है कि ज़िले में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु विचार कर शुरू करने कि कृपा करें।